# प्रस्तावना

भारतीय रिज़र्व बैंक 1950-51 से राज्य वित्त के संबंध में वार्षिक अध्ययन प्रकाशित करता आ रहा है। वर्ष 1998-99 तक यह अध्ययन भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के एक अंग के रूप में प्रकाशित किया जाता था। वर्ष 1990-00 से यह वार्षिक अध्ययन एक अलग पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। अनुसंधानकर्त्ताओं को टाइम सीरीज़ आंकड़े आसानी से उपलब्ध कराने के अपने प्रयास में भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2004 में 'हैंड बुक आफ स्टेटिस्टिक्स ऑन स्टेट गवर्नमेंट फायनांन्सेज' नाम से एक प्रकाशन निकाला। इस दस्तावेज़ में 1980-81 से प्रमुख राजकोषीय संकेतकों के संबंध में राज्यवार टाइम सीरीज़ आंकड़े तथा 1990-91 से राजस्व और पूंजी खाते के अंतर्गत विस्तृत आंकड़े दिए गए हैं।

इस अध्ययन में सांख्यिकीय आंकड़े प्रस्तुत करने के अलावा, राज्यों के वित्त का विश्लेषण और मूल्यांकन भी किया गया है। ध्यान देने योग्य रुचि की बात यह है कि 2005-06 में राज्य वित्त के इस अध्ययन में 'राज्य सरकारों की बकाया देयताएं' विषय पर विशेष सामग्री दी गई थी। 2006-07 के अध्ययन में 'सामाजिक क्षेत्र व्यय' पर विशेष विषय वस्तु थी। इस प्रस्तुत अध्ययन अर्थात् 'राज्य वित्तः 2007-08 के बजटों का अध्ययन' में 'राज्य सरकारों को राजकोषीय अंतरण' एक विशेष विषय है।

यह अध्ययन आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों और केंद्रीय वित्त प्रभाग के सहयोग से आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग के राज्य और स्थानीय वित्त प्रभाग में तैयार किया गया है। इस कार्य में भारतीय रिज़र्व बैंक के सरकारी और बैंक लेखा विभाग तथा आंतरिक ऋण प्रबंध विभाग से भी सहयोग लिया गया। इस अध्ययन को राज्य सरकारों के वित्त विभागों से सहयोग और भरपूर जानकारी मिली तथा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के अधिकारियों तथा योजना आयोग से प्राप्त मूल्यवान तकनीकी जानकारी का भी लाभ मिला।

यह अध्ययन रिपोर्ट श्री बी.एम.मिश्रा, परामर्शदाता के मार्गदर्शन में कुमुदिनी हाज़रा, निदेशक, राखी पी.बी. और धीरेन्द्र गजभिये, अनुसंधान अधिकारियों द्वारा तैयार की गई है। आंकड़ों के समेकन में ए.के.धर्मपाल, टी.आर.मुरलीधरन, पी.पी.जोशी, बी.ए.रणखांबे और ई.फर्नांडिस ने सहायता की। इस अध्ययन को आर.के. पट्टनायक, परामर्शदाता और जीवन के.खुंद्राक्पम, निदेशक के सुझावों का लाभ मिला।

उपर्युक्त अध्ययन (1950-51 से लेकर) के पुराने अंक भारतीय रिज़र्व बैंक के मुंबई स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। वर्ष 2001-02 से लेकर आगे का यह अध्ययन भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उपलब्ध है। इस अध्ययन की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से इस अध्ययन के संबंध में प्रतिसूचना/अभिमत आमंत्रित हैं। ये ई-मेल के माध्यम से deapdslf@rbi.org.in पर निदेशक, राज्य वित्त एवं स्थानीय वित्त प्रभाग, आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई-400 001 को भेजे जा सकते हैं।

**राकेश मोहन**<br>
उव गवर्नर<br>
20 नवंबर 2007